कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व, आयुक्तालय, जोधपुर
(प्रेस-नोट)

@Dcp Jodhpur East @dcpeastjodhpur

- रिट भर्ती परीक्षा 2022 दो प्रकरण दर्ज
- 2 फर्जी अभ्यार्थी गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी।

आज दिनांक 23.07.2022 को 2 पारी में आयोजित रिट परीक्षा 2022 में जिला जोधपुर पूर्व में निम्नलिखित प्रकरण दर्ज हुए:-

- **प्रकरण संख्या 343/23.07.2022 धारा 420, 419, 120बी भादस व 3/6 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1992 पुलिस थाना उदयमंदिर:-** पुलिस थाना उदयमंदिर के केन्द्र संख्या 521053 में उम्मेद कन्या सीनीयर सेकण्डरी स्कुल में मुखबिर की ईतला के आधार पर कमरा नं. 17 में रोल. नं. 521111745 को चेक किया तो आधार कार्ड व आवेदन पत्र में भिन्नता पाई गई व पाया गया कि रविताश पुत्र श्री रामनारायण जाति विश्नोई, निवासी मगरानगर हाणियां औसियां के स्थान पर अन्य फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा देता पाया गया। केन्द्राधीक्षक श्री सुरेश आसेरी की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया गया। रविताश की तलाश जारी है।

  नाम पता गिरफ्तार मुलजिम-महेश कुमार पुत्र श्री किशनाराम, जाति विश्नोई सारण, निवासी भोजासर, औसिंया जोधपुर

  फोटो मुलजिम-

- **प्रकरण संख्या 243/23.07.2022 धारा 419 भादस व 3,4,6 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1992 पुलिस थाना बनाड:- पुलिस थाना बनाड में** केन्द्र संख्या 521055 विद्या पब्लिक स्कुल बनाड रोड, जोधपुर में रोल नंबर 521112689 के परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र व आधार कार्ड की प्रारंभिक जांच में संदेह होने पर गहनता से पडताल की गई तो परीक्षार्थी विकास विश्नोई पुत्र श्री छोगाराम, जाति विश्नोई, निवासी जम्भेश्वरनगर बिछावाडी सांचोर, जिला जालोर के स्थान पर फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा देने हेतु आना पाया गया। केन्द्राधीक्षक श्री मजाहीर सुल्तान की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया गया। विकास विश्नोई की तलाश जारी है।

  नाम पता गिरफ्तार मुलजिम-दिनेश गुर्जर पुत्र रतनाराम गुर्जर निवासी गरनीया पुलिस थाना जैतारण पाली

  फोटो मुलजिम-

डॉ. अमृता दुहन
भा.पु.से.
पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व।